# 2024

## HINDI

## ( Skill Enhancement Course )

Paper : HIN–SE–4014

( अनुवाद विज्ञान )

*Full Marks* : 50

*Time* : 2 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×4=4

(क) 'अनुवाद' शब्द में विद्यमान 'वद्' धातु का अर्थ क्या है?

(ख) शब्दानुवाद किसे कहते हैं?

(ग) Accountant का हिन्दी पर्याय बताइए।

(घ) गद्यानुवाद किसे कहा जाता है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×3=6

(क) अनुवाद के संदर्भ में 'स्रोत भाषा' और 'लक्ष्य भाषा' के तात्पर्य स्पष्ट कीजिए।

(ख) तकनीकी अनुवाद क्या है?

(ग) विज्ञापन के निम्नलिखित नमूनों का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :

*(i)* नई दिशाएँ, नई आशाएँ

*(ii)* आपकी स्वाभाविक पसंद

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए : 5×2=10

(क) निम्नलिखित कार्यालयीन अभिव्यक्तियों के हिन्दी मानक रूप लिखिए :

As early as possible ; Benefit of doubt ; Call for explanation ; Duly verified ; For approval ; I am directed to say ; In case of need ; I shall be obliged ; Needs no comment ; Point of view.

(ख) निम्नलिखित हिन्दी शब्दों के अंग्रेजी पारिभाषिक रूप लिखिए :

सलाहकार ; राजदूत ; रोकड़िया ; कुलाधिपति ; लिपिक ; अभिरक्षक ; प्रयोगशाला ; वकील ; महापौर ; संवीक्षक।

(ग) निम्नलिखित गद्यांश का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :

"बाल दिवस का अर्थ है 'बच्चों का दिन'। बच्चे ही किसी देश की वास्तविक सम्पत्ति हुआ करते हैं। ये ही बच्चे आने वाले कल के कर्णधार हैं। बच्चे जो आज की कोमल कलियाँ हैं, वे ही कल खिलने वाले फूल हुआ करते हैं। कहने का तात्पर्य है कि आज भी बच्चों का है और कल भी।"

(घ) निम्नलिखित गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

"Our country is in need of doctors. There are many villages which have no doctors. There are many hospitals without doctors. Thus, there are large number of people who do not get medicine and there are many who do not get proper treatment. All these are due to the want of qualified doctors."

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) बहुभाषी समाज में बौद्धिक-सांस्कृतिक आदान-प्रदान में अनुवाद-कार्य की भूमिका पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

भावानुवाद, छायानुवाद और सारानुवाद के स्वरूप पर चर्चा कीजिए।

(ख) विश्लेषण, अन्तरण एवं पुनर्गठन—अनुवाद-प्रक्रिया के इन तीनों चरणों का सोदाहरण विवेचन कीजिए।

**अथवा**

कहानी के संदर्भ में सर्जनात्मक साहित्य के अनुवाद की अपेक्षाओं को रेखांकित कीजिए।

(ग) हिन्दी में अर्ध-शासकीय पत्र का एक नमूना प्रस्तुत करते हुए उसे अंग्रेजी में अनूदित कीजिए।

**अथवा**

अनुवाद-कार्य के संदर्भ में पाठक, द्विभाषिक एवं रचयिता की भूमिकाओं पर प्रकाश डालिए।

★★★